**प्रेस नोट**

**दिनांक 07.08.2025**

**पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों की प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण।**

आज दिनांक 07 अगस्त 2025, को उत्तर प्रदेश पुलिस सीधी भर्ती प्रशिक्षण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन हमीरपुर में प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों की प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन, उपस्थिति, प्रशिक्षण सामग्री तथा उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त श्रीमान द्वारा कक्षा कक्ष में जाकर रिक्रूट आरक्षियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं तथा प्रशिक्षण से संबंधित सुझावों को गंभीरता से सुना गया और समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने प्रशिक्षणाधीन रिक्रूटों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, समयबद्धता एवं जनसेवा के मूल मूल्यों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया तथा पुलिस सेवा को एक जिम्मेदारीपूर्ण कार्य बताते हुए ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश दिया। अंत में उन्होंने प्रशिक्षणाधीन सभी आरक्षियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्राप्त कर एक आदर्श पुलिसकर्मी बनने की शुभकामनाएं दीं।

निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन के प्रशिक्षण प्रभारी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।




